卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 193 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦20 अप्रैल 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## राहुल गांधी को झटका, नहीं मिली राहत

### निचली अदालत द्वारा सुनाई गई सजा पर रोक की अर्जी खारिज



नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।मानहानि मामले में राहुल गांधी को सूरत सेशंस कोर्ट से राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने राहुल की उस अर्जी को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने 'मोदी सरनेम' को लेकर मानहानि के मामले में निचली अदालत द्वारा सुनाई गई सजा पर रोक लगाने की मांग की थी। कांग्रेस अब सेशन कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट का रुख करेगी।बता दें राहुल गांधी ने 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान कर्नाटक में एक रैली के दौरान 'मोदी सरनेम' को लेकर बयान दिया था। इस बयान को लेकर बीजेपी विधायक पूर्णेश मोदी ने राहुल के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था। चार साल बाद 23 मार्च को सूरत की निचली अदालत ने राहुल को दोषी करार देते हुए 2 साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत लोकसभा सचिवालय की ओर से राहुल की संसद सदस्यता रद्द कर दी गई थी। राहुल केरल के वायनाड से सांसद थे। जनप्रतिनिधि कानून में प्रावधान है कि अगर किसी सांसद और विधायक को किसी मामले में 2 साल या उससे ज्यादा की सजा होती है, तो उनकी सदस्यता (संसद और विधानसभा से) रद्द हो जाती है। इतना ही नहीं सजा की अवधि पूरी करने के बाद छह वर्ष तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य भी हो जाते हैं। राहुल ने 2 अप्रैल को निचली अदालत के फैसले के खिलाफ सूरत सेशन कोर्ट का रुख किया था। राहुल द्वारा दो याचिकाएं दाखिल की गई हैं। पहली अर्जी में सजा पर रोक की मांग की गई थी, जबकि दूसरी में अपील के निस्तारण तक कन्विक्शन पर रोक लगाने की मांग की गई थी। एडिशनल सेशन जज आरपी मोगेरा की कोर्ट ने 13 अप्रैल को राहुल की याचिका पर सुनवाई करते हुए 20 अप्रैल के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने राहुल को जमानत देते हुए शिकायतकर्ता पूर्णेश मोदी और राज्य सरकार को कन्विक्शन पर रोक लगाने (शेष पृष्ठ सात पर)

## भगौड़े अमृतपाल की पत्नी को एयरपोर्ट से हिरासत में लिया



अमृतसर (उद ब्यूरो)। खालिस्तान समर्थक व अलगाववादी अमृतपात सिंह की पत्नी किरणदीप कौर को अमृतसर एयरपोर्ट से हिरासत में लिया गया है। किरणदीप कौर एयरपोर्ट से लंदन भागने की फिराक में थी। अब पंजाब पुलिस की टीम किरणदीप कौर से पूछताछ कर रही है। पंजाब पुलिस ने वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह और उसके साथियों पर 18 मार्च को कार्रवाई की थी। इस दौरान पुलिस ने उसके सैकड़ों साथियों और समर्थकों को गिरफ्तार किया था। हालांकि, अमृतपाल अपने कुछ करीबियों के साथ भागने में कामयाब हो गया था। तब से पुलिस लगातार उसके तलाश में जुटी है। इतना ही नहीं पुलिस उसके परिवार के लोगों और करीबियों से भी पूछताछ कर रही है। अमृतपाल सिंह ने इसी साल फरवरी में एनआरआई किरणदीप कौर से शादी की थी। फरवरी में अमृतपाल से शादी के बाद किरणदीप (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

रूदपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र की राजा कालोनी में एक युवक ने संदिग्ध हालातों में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर



शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय प्रिंस बाबू पुत्र छेद लाल ने बीती रात घर के तीसरी मंजिल पर छत की दीवार से बने होल में रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। एसआई पूरन सिंह ने पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। आत्म हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। बताया जाता है कि मृतक नशे का आदी था। पन्द्रह दिन पहले भी उसने आत्म हत्या के इरादे से हाथ की नस काट ली थी। मृतक दो भाईयों में छोटा था। बड़ा भाई प्रदीप कुमार एक निजी अस्पताल में फार्मेसिस्ट(शेष पृष्ठ सात पर)

## पुराने जिला अस्पताल के कमरे में पकड़ा प्रेमी युगल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। किच्छा रोड स्थित पुराने जिला अस्पताल के एक कमरे में महिला और पुरुष के होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरा खुलवाया। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया। पुलिस ने बाद में हिदायत देकर दोनों को छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार पुलिस को किसी व्यक्ति ने डायल 112 सूचना दी कि पुराने जिला अस्पताल के एक कमरे में महिला और पुरुष हैं। कमरा सुनसान जगह पर है। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दरबाजा खुलवाया तो कमरे में मौजूद युगल के होश उड़ गए। पुलिस दोनों को चौकी ले गयी। दोनों से (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध परिस्थितियों में दो महिलाएं लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। अलग-अलग स्थानों से दो विवाहिताएं बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की गुमशुदगी दर्ज कर गायब महिलाओं का पता लगाना शुरू कर दिया है। पहली घटना के बारे में पता चला है कि ग्राम टाह भगत, थाना भगतपुर मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी अमर सिंह अपनी 26 वर्षीय पत्नी सोनम को बीते 15 मार्च को मायके लेकर जा रहा था इसी दौरान काशीपुर मैं बस स्टैंड के पास से विवाहिता(शेष पृष्ठ सात पर)

## कोर्ट के निर्देश पर दो के खिलाफ हत्या का केस दर्ज

### नौ माह बाद मृतक जुनैद के परिवार को इंसाफ मिलने की जगी आस

काशीपुर। सुनियोजित तरीके से युवक की हत्या किए जाने के एक सनसनीखेज मामले में पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर दो लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बुढाहानपुर, अलीगंज, थाना भगतपुर, जनपद मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश निवासी नुसरत पत्नी मोहम्मद जान ने बताया कि उसके 25 वर्षीय पुत्र जुबैद आलम को वर्ष 2022 की 2 अगस्त को सुबह लगभग 9:30 बजे मानपुर दत्त राम थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद निवासी अंकुर शर्मा पुत्र गेंदा शर्मा अपने साथ मोटरसाइकिल पर बिठाकर ले गया। शाम तक जुबैद जब घर नहीं पहुंचा तो रात्रि 10:45 बजे के करीब उसकी मां ने फोन पर संपर्क साधा। इस दौरान जुबैद ने बताया कि वह अंकुर शर्मा के साथ है और घर आ रहा है लेकिन पूरी रात बीत जाने के बावजूद भी वह घर नहीं पहुंचा। अगले दिन सुबह 7बजे के करीब महिला को सूचना मिली कि अलीगंज रोड पर गोयल राइस मिल के पास जुबैद संदिग्ध हालत में सड़क किनारे पड़ा है। सूचना मिलने पर जब परिजनों ने मौके पर जाकर देखा तो क्षत-विक्षत अवस्था में उसका शव सड़क किनारे पड़ा था। अंकुर शर्मा से इस बारे में जब पूछताछ किया गया तो उसने बताया कि जुबैद को उसने 2:00 बजे पैगा छोड़ दिया परंतु मुरादाबाद निवासी हारुन पुत्र कलुआ नामक एक अन्य व्यक्ति ने बताया कि रात्रि लगभग 8 बजे अलीगंज रोड पर जुबैद को उसने अंकुर शर्मा के (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालातों में कार चालक लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिल्ली से वापस लौटा हल्द्वानी का कार चालक रूद्रपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। मामले में महिला सहित कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया हे। जानकारी के अनुसार गोविंदपुर गरवाल, श्री राम कालोनी कमलुवागांजा निवासी हल्द्वानी निवासी कार चालक हरीश चन्द्र जोशी दिल्ली गया था। वहां से वह वापस लौट गया। रूद्रपुर में उसने सीएनजी पम्प से सीएनजी भरवाई। इसके पश्चात वह संदिग्ध परिस्थितियों में लातपा हो गया। कार स्वामी तरूण बिष्ट ने रम्पुरा चौकी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी (शेष पृष्ठ सात पर)

## लाखों की अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस एवं एसओजी ने संयुक्त कार्रवाई कर दो शराब तस्करों को कार में लाखों रुपए कीमत की अंग्रेजी शराब की 20 पेटी ले



जाते गिरफ्तार कर लिया। एस एस पी ने टीम को 2500 रुपए ईनाम देने की घोषणा की है। जानकारी के अनुसार हरेन्द्र चौधरी, प्रभारी निरीक्षक व राजवीर नेगी प्रभारी एसओजी के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान हीरानगर क्षेत्र से दो शराब तस्करो को इनोवा कार में 20 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब की चोरी छिपे तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना(शेष पृष्ठ सात पर)

रस्म पगड़ी/तेरहवीं



बड़े दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूज्यनीय माताजी

श्रीमती कांता रानी सुखीजा

पत्नी स्वर्गीय श्री हरनाम दास सुखीजा

का स्वर्गवास दिनांक 10 अप्रैल 2023 को हो गया है। उनकी आत्मा की शांति के लिए रस्म पगड़ी/तेरहवीं दिनांक 22 अप्रैल 2023 दिन शनिवार को दोपहर 2 से 3 बजे श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर(पांच मंदिर),रूद्रपुर में सम्पन्न होगी।

शोकाकुल परिवार

राधा–देवीदयाल अनेजा (पुत्री–दामाद)
कमलेश–राकेश गुंबर (पुत्री–दामाद)
सुनीता–राजेंद्र कक्कड़ (पुत्री–दामाद)
गीता–मनीष बत्रा (पुत्री–दामाद)
गोविंद राम हुड़िया (भाई)
सुखीजा, हुड़िया एवं


परम सुखीजा पम्मी (पुत्र)
संपादक उत्तरांचल दर्पण
स्व0 तिलक राज सुखीजा (पुत्र)
स्व0 शम्मी सुखीजा (पुत्र)
बलवीर सुखीजा (देवर)
मोहित,कपीश,शिवांश (पौत्र)

उत्तरांचल दर्पण परिवार

# सभी जिलाधिकारी और पेयजल विभाग के अधिकारी जिलों में ग्राम स्तर तक पेयजल स्थिति का फीडबैक लें : सीएम

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में पेयजल विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए पेयजल से संबंधित सभी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता पुनर्जीवन की दिशा में ठोस कार्य योजना बनाये जाने तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग की दिशा में कार्य किये जाएं और इसे वर्क कल्चर में लाना जरूरी है। जल संचय की दिशा में सबको मिलकर प्रयास करने होंगे। इसमें जन सहयोग भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की जाए और यात्रा मार्गों पर उच्च गुणवत्ता के पर्याप्त वाटर एटीएम लगाये जाए। वाटर एटीएम के साथ पानी की गुणवत्ता को भी डिस्प्ले किया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि यात्रा मार्गों पर सुलभ शौचालयों में पर्याप्त पानी की उपलब्धता जीवन मिशन के तहत जिन घरों में नल लग चुका है, उनमें शुद्ध गुणवत्ता युक्त पेयजल उपलब्ध हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव स्तर पर पानी के स्टोरेज हेतु टैंक का निर्माण किया जाए और हैंडपंप के साथ सोलर वाटर पंप भी स्थापित किए जाएं। राज्य के प्रत्येक विद्यालय में






के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी जिलाधिकारी और पेयजल विभाग के अधिकारी जिलों में ग्राम स्तर तक पेयजल स्थिति का फीडबैक लें। उन्होंने गंगा एवं उसकी सहायक नदियों को स्वच्छ बनाए जाने हेतु और अधिक कार्य करने की आवश्यकता बतायी। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि जल स्रोतों के में वाटर मीटर लगाएं जाएं और जल संरक्षण के लिए दीर्घ कालीन विकास योजनाओं पर कार्य किया जाए। प्रदेश में जल संचय एवं नदी की स्वच्छता हेतु स्वच्छता समितियां बनाकर लोगों को जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी चारधाम के दृष्टिगत जलापूर्ति के लिए सुनियोजित व्यवस्था रहे। मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत भी जलापूर्ति के लिए वाटर एटीएम/नलकूप की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि जल जीवन मिशन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। जल जीवन मिशन के कार्यों में और तेजी लाई जाय। यह सुनिश्चित किया जाय कि जल पेयजल की व्यवस्था तय समय पर पूरी हो यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मुख्य सचिव डॉ एस.एस संधु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव नितेश कुमार झा, सचिव शैलेश बगौली, अपर सचिव उदय राज सिंह एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएम धामी ने सेब उत्पादन करने वाले कृषकों को सम्मानित किया

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को वाडिया भू-विज्ञान संस्थान में इंडो डच हॉर्टिकल्चर एवं कोका-कोला इंडिया द्वारा आयोजित "संकल्प से परिवर्तन की ओर कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सेब उत्पादन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले कृषकों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम किसी लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प लेते हैं तभी कोई परिवर्तन आता है। कोका-कोला इंडिया तथा इंडो डच हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजी ने जिस कार्य को पूरा करने का संकल्प लिया था, उसे सिद्धि तक पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य में फलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के




लिए विशेष प्रयास कर रही है। नाबार्ड के सहयोग से 18 हजार पॉलीहाउस की स्थापना हेतु 280 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। एप्पल मिशन के तहत भी 35 करोड़ की योजना को प्रारंभ किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि और उद्यान को बढ़ावा देने के साथ ही हमें प्राकृतिक खेती पर अधिक ध्यान देना होगा। हम सेब की प्राकृतिक खेती द्वारा उत्तराखण्ड के सेब को देश दुनिया में विशिष्ट पहचान दिला सकें, इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री श्री भगत सिंह कोश्यारी, कोका-कोला इंडिया की उपाध्यक्ष श्रीमती देवयानी राजलक्ष्मी राणा, निदेशक राजेश अयापिला, श्री अशोक बेरी, श्री सुधीर चड्ढ़ा एवं राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आये कृषक उपस्थित थे।

# दो फर्म पर पांच करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी


काशीपुर। राज्य कर विभाग की केंद्रीय अभिसूचना इकाई ने औद्योगिक क्षेत्र महुआखेड़ागंज की बैटरी स्क्रैप रिसाइकिलिंग का कारोबार करने वाली दो फर्म ग्लोबल मेट और अलकाविज पर मंगलवार को छापा मारा। इस दौरान करीब पांच करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी गई। दोनों फर्म ने करीब एक करोड़ की जीएसटी मौके पर ही जमा करा दी है। अपर आयुक्त कुमाऊं जोन बीएस नगन्याल के निर्देश पर मंगलवार को कर उपायुक्त धर्मेंद्र राज चौहान व विमल कुमार पांडे के नेतृत्व में टीम ने महुआखेड़ागंज की दो फर्म पर छापा मारा। नगन्याल ने बताया कि काशीपुर के महुआखेड़ागंज स्थित बैटरी स्क्रैप रीसाइक्लिंग करने वाली दो फर्म और इनको मालवाहन की सेवा दे रही दो ट्रांसपोर्ट कंपनी पर छापा मारा गया है। जीएसटी की टीम ने इन फर्म को अस्तित्वहीन फर्म से रॉ मैटेरियल सप्लाई किए जाने का मामला पकड़ा है। फर्जी बिलों की आड़ में बोगस आईटीसी के लाभ का खेल चल रहा था। प्रथम दृष्टया दोनों फर्म से पांच करोड़ रुपये से ऊपर की जीएसटी चोरी पकड़ में आई है। लगभग एक करोड़ जीएसटी दोनों फर्म ने जांच के दौरान ही जमा भी करा दी है। अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिन से दोनों फर्म के लेनदेन पर नजर रखी जा रही थी। ये इकाइयां बाहरी राज्यों से फर्जी कंपनियों के बिलों की आड़ में बोगस आईसीटी का लाभ लेकर जीएसटी की देयता को समायोजित कर रही थीं। फर्म पिछले तीन वर्ष से फर्जी वे बिलों के जरिये टोल प्लाजा से पास दिखाकर माल की खरीद को सही दिखाने का प्रयास कर रहीं थीं। टीमों ने फर्म के दस्तावेज जांच के लिए कब्जे में ले लिए हैं। टीम में सहायक आयुक्त मनमोहन असवाल, टीकाराम चन्याल, सुरेंद्र राणा, हरिओम वर्मा, अशोक कुमार, असद अहमद, ईशा व मंजीत राणा आदि शामिल भी शामिल थे।

# तीर्थयात्रियों पर हेलीकॉप्टर से करेंगे पुष्पवर्षा सीएम धामी

देहरादून। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही 22 अप्रैल से चारधाम यात्रा शुरू हो जाएगी। एक दिन पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद चारधाम यात्रा के प्रवेश स्थल ऋषिकेश में यात्रियों का स्वागत करेंगे। सरकार यात्रियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करने की योजना भी बना रही है। भूस्खलन व अन्य कारणों से लंबा जाम में फंसने पर यात्रियों को जलपान और बच्चों को दूध उपलब्ध कराया जाएगा। प्रदेश भाजपा के अनुरोध पर मुख्यमंत्री ने शासन को अधिकारियों को इसकी व्यवस्था करने के निर्देश दिए।यात्रियों के स्वागत के लिए सरकार विशेष तैयारी करने जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व सरकार के अन्य मंत्री व अधिकारी ऋषिकेश में यात्रा पर जाने वाले यात्रियों का स्वागत करेंगे। हेलीकॉप्टर से यात्रियों पर पुष्प वर्षा भी होगी। कुल मिलाकर राज्य सरकार ने चारधाम यात्रा की तैयारियों को तकरीबन अंतिम रूप दे दिया है। सीएम ने अधिकारियों को ऐसी व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए हैं कि देश-दुनिया से आने वाले यात्रियों को कोई असुविधा न हो। इसके लिए सरकार की ओर से विशेष तैयारियां की गई हैं। मुख्य सचिव चारों धामों में तैयारियों का जायजा लेकर लौट आए हैं। परिवहन से लेकर हेली सेवा के संबध में संबंधित विभागों की ओर से अलग-अलग दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। यात्रा के मद्देनजर लोनिवि, स्वास्थ्य, परिवहन, पर्यटन विभाग ने विशेष व्यवस्थाएं की हैं। सरकार का मानना है कि इस बार यात्रा में रिकार्ड पर्यटक व श्रद्धालु आएंगे। उधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि चारधाम यात्रा मार्गों पर लंबा जाम लगने की स्थिति में प्रभावित तीर्थयात्रियों एवं बच्चों के लिए जलपान एवं दूध इत्यादि की व्यवस्था होगी। पार्टी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से अनुरोध किया था। उनके निर्देश पर व्यवस्था की जा रही है। भट्ट ने आशा व्यक्त की कि इस बार रिकॉर्ड संख्या में आने वाले यात्रियों को बहुत अच्छी और व्यावहारिक व्यवस्था देखने को मिलेगी।

# बंदरों के लिये लगाये गये पिंजरे में फंस गया गुलदार

पौड़ी (उद संवाददाता)।नागदेंव रेंज के अणेथ गांव में वन विभाग ने बंदरों को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था लेकिन पिंजरे में बंदर की जगह गुलदार फंस गया। जबकि एक अन्य गुलदार मौके से भाग गया। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और गुलदार का मेडिकल परीक्षण कराया गया। मेडिकल जांच में गुलदार स्वस्थ मिला। वन विभाग की टीम जल्द ही गुलदार को जंगल में छोड़ा जाएगा। गढ़वाल वन प्रभाग के नागदेव रेंज स्थित अणेथ गांव व आसपास के गांवों में बंदरों का उत्पात बना है। बंदर कई लोगों को काटकर घायल कर चुके हैं। बंदर घरों में घुसकर खाद्य पदार्थों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्रामीणों की मांग पर कुछ माह पहले वन विभाग ने बंदरों को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था। पिंजरे में अभी तक कोई बंदर नहीं फंसा। अणेथ गांव में ग्रामीण मनोरथ



प्रसाद ने बताया कि वह सुबह पांच बजे उठे तो उन्होंने देखा कि घर के पास बंदर पकड़ने के लिए लगाए पिंजरे में गुलदार फंसा है। साथ ही एक अन्य गुलदार पिंजरे के पास घूम रहा है। शोर मचाने के बाद घूम रहा गुलदार भाग गया। इसके बाद उन्होंने घटना की सूचना ग्रामीणों और वन विभाग को दी। वहीं नागदेव रेंज के वन क्षेत्राधिकारी ललित मोहन नेगी ने बताया कि गुलदार करीब एक साल की मादा है।

# सूचना अनुरोध पत्र की सभी सूचनायें प्रेषित होने तक प्रथम अपील का निस्तारण न करें अधिकारी

## सामान्य प्रशासन विभाग में 'दीपक तले अंधेरा' की टिप्पणी करते हुये अधिकारियों को कड़ी चेतावनी जारी

काशीपुर (उद संवाददाता)।प्रथम अपीलीय अधिकारी लोक सूचना अधिकारी को सूचना दिये जाने हेतु निर्देशित करें व तब तक अपील का निस्तारण न करें जब तब कि अनुरोध पत्र की सभी दी जाने वाली सूचनायें प्रेषित न कर दी जायें। मुख्य सचिव के शासनादेश सं0 231 के उक्त प्रावधान का उल्लेख करते हुये प्रदेश में सूचना अधिकार क्रियान्वयन के लिये जिम्मेदार सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा ही नियमानुसार कार्यवाही न करने को 'दीपक तले अंधेरा' के समान बताते हुये तत्कालीन लोक सूचना अधिकारी/अनुभाग अधिकारी तथा प्रथम अपीलीय अधिकारी/उपसचिव को कड़ी चेतावनी राज्य सूचना आयुक्त विपिन चन्द्र द्वारा जारी की गयी है। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने अपने 01-10-2021 के सूचना प्रार्थना पत्र से उत्तराखंड में मुख्य सूचना आयुक्त व राज्य सूचना आयुक्तों की नियुक्ति तथा उत्तराखंड सूचना आयोग की वार्षिक रिपोर्ट पर कार्यवाही व विधानसभा के समक्ष रखे जाने से सम्बन्धित सूचनायें सामान्य प्रशासन विभाग के लोक सूचना अधिकारी से मांगी थी। वांछित सूचना न प्राप्त होने पर प्रथम अपील अपील की गयी इसका नियमानुसार निपटारा न करने व इस पर भी सूचनायें न उपलब्ध कराने पर उत्तराखंड सूचना आयोग के समक्ष द्वितीय अपील प्रस्तुत की गयी। उत्तराखंड सूचना आयोग ने अपील सं0 36399 की सुनवाई 22-03-2023 को राज्य सूचना आयुक्त विपिन्न चन्द्र के समक्ष हुई। राज्य सूचना आयुक्त ने तत्कालीन लोक सूचना अधिकारी/अनुभाग अधिकारी रमेश चन्द्र नित्वाल, को सूचना का अधिकार अधिनियम के अनुपालन में त्रुटियों के लिये कठोर चेतावनी निर्गत की कि भविष्य में इस प्रकार की त्रुटियों की पुनरावृत्ति न की जाये, यदि इस प्रकार की त्रुटियों की पुनरावृत्ति की गयी तो उनके विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्रावधानित कार्यवाही की जायेगी। साथ ही उन्हें यह भी निर्देशित किया जाता है कि भविष्य में सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत प्राप्त प्रकरणों का समयान्तर्गत एवं नियमानुसार निस्तारण करना सुनिश्चित करें। श्री विपिन चन्द्र ने विभागीय अपीलीय अधिकारी द्वारा अपीलीय आदेश पारित न करने पर तत्कालीन विभागीय अपीलीय अधिकारी/उपसचिव सामान्य प्रशासन विभाग कवीन्द्र सिंह को कठोर चेतावनी निर्गत की है कि भविष्य में सूचना अधिकार अधिनियम की अपीलों को नियमानुसार निस्तारण करना सुनिश्चित करें। श्री चन्द्र ने मुख्य सचिव द्वारा जारी शासनादेश संख्या 231 दिनांक 17 फरवरी 2016 का उल्लेख करते हुये स्पष्ट किया कि प्रथम विभागीय अपीलीय अधिकारी, प्रथम अपील के निस्तारण में 15-15 दिन की तारीखें लगाकर लोक सूचना अधिकारी को सूचना दिये जाने हेतु निर्देशित करें व तब तक अपील का निस्तारण न करें जब तक कि अनुरोध पत्र की सभी सूचनायें प्रेषित न कर दी जाये। उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें। इस अपील का भी निस्तारण अगले 45 दिन में करते हुये कृत कार्यवाही से अगली सुनवाई तिथि (11 मई 2023) से पूर्व आयोग को अवगत कराना सुनिश्चित करने के आदेश दिये है। विपिन्न चन्द्र ने अपने उक्त आदेश में स्पष्ट लिखा है कि सामान्य प्रशासन विभाग ही सूचना का अधिकार अधिनियम क्रियान्वित करने के लिये जिम्मेदार हैं किन्तु वे स्वयं ही सूचना के अधिकार का सही क्रियान्वयन नहीं कर रहे हैं। सामान्य प्रशासन विभाग की इस प्रकरण में की गयी कार्यवाही 'दीपक तले अंधेरा' के समान है। इस आदेश की प्रति विभाग के सचिव को इस आशय से प्रेषित की जाती है कि वह विभाग में अधिनियम के पूर्व/सही क्रियान्वयन हेतु सख्त आदेश जारी करना सुनिश्चित करें जिससे सूचना का अधिकार अधिनियम का विधि व्यवस्था के अनुसार क्रियान्वयन किया जा सके।

# भगत दा रिसाया जन, मैंकें माल्टा नारंगी खाणक लिजी आपन गौ जरूर बुलाया

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत ने भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की प्रसंशा करते हुए सोशल मीडिया पर एक संदेश साझा करते हुए उनसे अपने गांव बुलाने की अपील कर सियासी चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है। बुधवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सीएम हरीश रावत ने चुटीले और पहाड़ी अंजाद में एक पोस्ट लिखी है जिसमें उन्होंने लिखा है कि भगत दा, हां भगत सिंह कोश्यारी जी से मैंने बहुत सारी बातें सीखी हैं। जब मैं पिथौरागढ़ का सांसद था, जब किसी सार्वजनिक सभा में आरएसएस पर कुछ चोट करता था तो भगत दा मुझको दर्जनों पोस्टकार्ड लिखवा कर गुस्सा जाहिर करवाते थे, संगठन के प्रति निष्ठा। इसलिए मैं जानता हूं मोहनरी में आकर मेरे यहां के काफल खाने के लिए निमंत्रण को ये स्वीकार नहीं करेंगे। मगर भगत दा कभी मुझे रमाड़ी, मांजखेत, नामती चेताबगढ़ की नारंगियां, माल्टे और केले खाने बुलाएंगे तो



मैं जरूर जाऊंगा। भगत दा गाड़ वाले हैं, धार में रुकाफल होते हैं और गाड़ में केले, मछलियां और इनकी गाड़ में माल्टे और संतरे बहुत अच्छे होते हैं। मैं इस बात का उल्लेख इसलिए कर रहा हूं कि भगत दा के जन्म स्थल और उस क्षेत्र को जोड़ने वाली सारी सड़कें मेरे ही कार्यकाल में बनी है, चाहे सांसद के तौर पर हो, कांग्रेस के कार्यकर्ता के तौर पर हो या मुख्यमंत्री के तौर पर हो यहां तक कि भगत दा के खाने के लिए सामा में कीवी गार्डन भी हमारी ही सरकार के कार्यकाल से प्रारंभ हुआ। मुझसे प्यार रखने वालों ने इस क्षेत्र के अंदर ये कीवी और भुट्टे, दुनिया भर में पहुंचाएं और भगत दा आपकी प्रेरणा लेने वालों ने यहां की खड़िया खोदकर के देशभर में पहुंचाई है। अब आप तय करिए जो रिवर्स पलायन के मधुर स्थान वो खड़िया और बालू खुदान से आगे बढ़ेगी या कीवी, रमाड़ी के माल्टे और मोहनरी के काफलों से ! भगत दा रिसाया जन हं ! मैंकें माल्टा और नारंगी खाणक लिजी आपन गौ जरूर बुलाया।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

जगदीश कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड, गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

मकान बिकाऊ
भगत सिंह चौक रूद्रपुर में 15x30 में बना पांच मंजिला कामर्शियल (फ्रीहोल्ड) भवन बिकाऊ है।
संपर्क करें
मो. 7017360462

# श्री ननकाना साहिब की यात्रा से मीठी यादें लेकर आया जत्था

गदरपुर/रुद्रपुर। वैशाखी पर्व पर भारत से 2650 यात्रियों का एक जत्था पाकिस्तान स्थित गुरु धामों की यात्रा कर वापस लौटा है जत्थे में 60 यात्री गुरुधाम यात्रा सोसाइटी रुद्रपुर के अध्यक्ष सरदार गुरदयाल सिंह आजाद के नेतृत्व में गए थे। यह जानकारी देते हुए स. गुरदयाल सिंह ने बताया कि यह जत्था गुरु नानक देव जी के प्रकाश स्थान गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब के अलावा गुरद्वारा सच्चा सौदा, गुरुद्वारा पंजा साहिब, गुरु अर्जन देव जी के शहीदी स्थान, गुरुद्वारा डेरा साहिब लाहौर एवं



गुरद्वारा करतारपुर साहिब के दर्शन करके वापस लौटा स उन्होंने बताया, पाकिस्तान सरकार द्वारा भारी सुरक्षा व्यवस्था के अलावा खाने-पीने एवं रिहाइश का उचित प्रबंध किया गया था वही स्थानीय लोगों से भी अपार स्नेह मिला जोकि गुरु धामों में सेवा एवं दर्शन करने आए थे। उन्होंने बताया कि रुद्रपुर से जाने वाले जत्थे में उत्तराखंड से 8, चेन्नई से 20, झारखंड से 14, उत्तर प्रदेश से 7, पंजाब से 3, राजस्थान से 3 और छत्तीसगढ़ से 1 यात्री शामिल थे। उन्होंने बताया कि गुरु नानक जयंती पर आगामी यात्रा रुद्रपुर से 25 नवंबर को होगी जत्थे में मुख्य रूप से स.गुरुदयाल सिंह, दलबीर सिंह भूपेंद्र सिंह, गगनदीप कौर, इंद्रजीत सिंह, अमरजीत सिंह, बलवीर कौर, गुरमीत कौर, मनजीत कौर सहित अन्य यात्री शामिल थे।

# रामनगर में 22 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा परशुराम जन्मोत्सव

रामनगर (उद संवाददाता)। आगामी 22 अप्रैल को रामनगर में अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा के तत्वाधान में परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम पूरे उल्लास के साथ मनाया जाएगा कार्यक्रम को लेकर महासभा के राष्ट्रीय संयोजक पंडित विशाल शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष पंडित हेमचंद्र भट्ट ने आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि 22 अप्रैल को राका पूजा एवं हवन के साथ ही नगर में स्थित उत्सव गार्डन में सम्मेलन का शुभारंभ कर प्रसाद एवं भोज के बाद कार्यक्रम का समापन किया जाएगा उन्होंने बताया कि महासभा द्वारा पहली बार पूरे उत्तराखंड में यह विशाल



कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें बॉलीवुड कलाकार बिंदु दारा सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे इसके अलावा महान संत महंत संजय के अलावा हरिद्वार के कई संत प्रतिभाग करेंगे उन्होंने सभी से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील करते हुए कहा कि सम्मेलन के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से परशुराम जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की भी मांग की जाएगी उन्होंने कहा कि महासभा द्वारा पिछले कई वर्षों से ब्राह्मण समाज के उत्थान को लेकर कई कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इस दौरान नगर अध्यक्ष पंकज कौशिक, तारा सती, चंद्रा बबाडी, गिरीश सत्यवाली, कुलदीप शर्मा, नवीन नैथानी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# आग से किसानों को हुए नुकसान का लिया जायजा

गदरपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र में विगत दिनों किसानों की आग लगने से गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी थी। इस घटना के जानकारी लेने के लिए मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुम्बर एवं प्रभारी सचिव योगेश तिवारी द्वारा ग्राम बकैनिया एवं कूल्हा पहुंचे। उन्होंने किसानों से फसल जलने की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान योगेश कुमार तिवारी, प्रभारी सचिव द्वारा उन्हें उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड द्वारा



कृषक क्षति सहायता योजना के बारे बताते हुए योजना का लाभ प्राप्त से सम्बन्धित प्रारूप को सम्बन्धित किसानों को मौके पर ही उपलब्ध कराया गया। इस दौरान अध्यक्ष सुभाष गुम्बर द्वारा अतिशीघ्र सहायता राशि प्रदान किए जाने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर किसान ग्राम कूल्हा सुन्दर गिरी, ग्राम प्रधान कूल्हा, गोपाल सिंह, उपप्रधान कूल्हा, सुरेश सिंह तारा सिंह, ग्राम वर्कैनिया के किसान रामविलास, नागूराम, आनन्द कुमार, कृष्ण लाल कम्बोज, गगन सिंह, रूपेश कुमार, पूरन चन्द्र मंडी समिति कर्मचारी राजीव चन्द्र, मण्डी निरीक्षक इन्द बहादुर चन्द आदि मौजूद थे।

# नगर पंचायत बनाने का निर्णय वापस होना जनता की जीत: खान

किच्छा (उद संवाददाता)। धामी कैबिनेट की बैठक में सिरौली कला को नगर पंचायत बनाए जाने के निर्णय को वापस लेने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और नगर पंचायत को लेकर माननीय हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता रहे एन यू खान ने हर्ष व्यक्त



किया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कुछ लोगों के कहने पर विगत 2 वर्ष पूर्व नगर पालिका से काटकर सिरौली कला को नगर पंचायत बना दिया था जिसमें कानूनी कारणों और संविधान का अध्ययन किया गया भारी विरोध के बावजूद नगर पंचायत का दर्जा दे दिया गया था। इस पर माननीय हाईकोर्ट रोक लगा दी थी और तब से सिरौली कला क्षेत्र में विकास कार्य भी बाधित है। कांग्रेस नेता एन यू खान ने कहा कि वह लड़ाई को लगातार लड़ते रहे और आखिरकार माननीय हाईकोर्ट के निर्देशानुसार सरकार को बैकफुट पर आना पड़ा और अपने नगर पंचायत बनाए जाने के निर्णय को वापस लेना पड़ा। यह सिरौली कला के आवाम की बहुत बड़ी जीत है इसके लिए उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को बधाई दी और सरकार का आभार भी व्यक्त किया।

# कैबिनेट मंत्री बहुगुणा पर लगाया क्षेत्रवाद का आरोप

किच्छा (उद संवाददाता)। पूर्व दर्जा राज्यमंत्री एवं कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डॉ गणेश उपाध्याय ने कैबिनेट मंत्री गन्ना एवं पशुपालन सौरभ बहुगुणा पर क्षेत्रवाद का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि गन्ना मंत्री बहुगुणा पूरे प्रदेश की उपेक्षा करते हुए मात्र सितारगंज विधानसभा क्षेत्र के लिए ही कार्य कर रहे हैं, उनके द्वारा



मात्र सितारगंज चीनी मिल के किसानों के गन्ने का 9 करोड़ 80 लाख रू का भुगतान कराया है, जबकि प्रदेश की अन्य तमाम चीनी मिलों द्वारा कई सौ करोड़ रुपयों भुगतान बकाया रखा हुआ है। जिसमें लगभग 57 करोड़ 65 लाख रु किच्छा शुगर फैक्ट्री द्वारा भुगतान नहीं हो पा रहा है। विगत वर्षों से काशीपुर शुगर फैक्ट्री व हरिद्वार की इकबालपुर शुगर फैक्ट्री का एक अरब से 30 करोड़ 30 लाख रुपयों का विगत वर्षों से भुगतान नहीं हो पाया है। वर्तमान मे 4 अरब 65 करोड़ 20 लाख करोड रुपयों का भुगतान किसानों का बकाया है। इसे तुरंत किया जाना चाहिए। वर्तमान में लगभग 2000 करोड़ रुपयों का व्यवसाय उत्तराखंड में गन्ने का होता है। ऐसे में उत्तराखंड के किसानो की गन्ना बुबाई से बढ़ती दूरियां व गन्ना किसानों की दुर्दशा किसी से छिपी नही है। किसानों द्वारा आने वाले चुनावों में निरंकुश सरकार और उनके मंत्रियों को करारा सबक सिखाया जायेगा।

# हाईकोर्ट ने अवमानना याचिका पर अधिकारियों को नोटिस जारी किया

नैनीताल। नैनीताल हाईकोर्ट ने आदेश का पालन ना करने पर सचिव पंचायतीराज, जिला पंचायत अध्यक्ष ऊधमसिंह नगर व अपर मुख्य अधिकारी को अवमानना का नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने इन अधिकारियों को जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। ऊधमसिंह नगर के काशीपुर के निवासी विपिन कुमार ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की। उन्होंने याचिका में कहा था कि जिन जगहों पर जिला पंचायत अध्यक्ष महिलाएं है, उन जगहों पर उनकी जगह उनके पति जिला पंचायत की बैठकों में उपस्थित होकर निर्णय को प्रभावित करते हैं। जबकि कोर्ट ने 2006 में निर्देश जारी कर कहा था कि जहां जिला पंचायत अध्यक्ष महिलाएं हैं, वहां पर उनके पति बैठक में भाग नहीं ले सकते। इन निर्देशों के बाद भी जिला पंचायत की बैठकों में उनके पति प्रतिभाग कर रहे हैं। सिर्फ प्रतिभाग ही नहीं निर्णयों को भी प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने याचिका में कहा कि जिला पंचायत ऊधमसिंह नगर में साल 2022 में दिसबंर में इस आदेश का अनुपालन नहीं किया गया। इन निर्देशों के बाद भी जिला पंचायत की बैठकों में उनके पति प्रतिभाग कर रहे हैं। सिर्फ प्रतिभाग ही नहीं निर्णयों को भी प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने याचिका में कहा कि जिला पंचायत ऊधमसिंह नगर में साल 2022 में दिसबंर में इस आदेश का अनुपालन नहीं किया गया। कोर्ट से अवमानना याचिका में प्रार्थना की गई कि जिन लोगों ने कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं किया है, उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही की जाए।

# चोरी के माल सहित एक गिरफ्तार

काशीपुर (उद संवाददाता)। दुकान का पिछला दरवाजा तोड़कर हुई हजारों की सनसनीखेज चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक शातिर किस्म के चोर को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चोरी गया माल बरामद कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि पुराना आवास विकास, शुभ बिहार निवासी शिप्रा अरोरा पत्नी गगन डाबर की मोहल्ला गिरीताल स्थित एलिगेंट फर्नीचर के पास उसकी वीर जी मलाई चाप के नाम से प्रतिष्ठान है। रोजाना की भांति बीते 18 अप्रैल को प्रतिष्ठान स्वामी जब दुकान बंद कर घर चले गए इस दौरान घात लगाए चोरों ने दुकान के पिछले दरवाजे का ताला तोड़कर एलईडी टीवी व 1500 के अलावा कुछ अन्य जरूरी सामान समेट लिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस को मामले की सूचना मिलने पर उसने तत्काल घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद के आधार पर नई बस्ती मुंडो वार्ड नंबर 17 तहसील ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद व हाल किन्नरों वाली कॉलोनी जमशिदा अब्दुल्लाह मस्जिद के पास काशीपुर निवासी शादाब उर्फ मुन्ना पुत्र इकबाल उर्फ भूरा को दबोच कर उसकी निशानदेही पर दुकान से चुराया गया एलईडी टीवी डीवीआर वीडियो रिकॉर्डर माउस व चार्जर बरामद कर लिया। आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद गिरफ्तार चोर का पुलिस द्वारा चालान करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया।

# किच्छा में बहुद्देशीय शिविर 30 अप्रैल को

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि माननीय उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल से प्राप्त निर्देशों के क्रम में माननीय जिला न्यायाधीश एवम अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ऊधम सिंह नगर के निर्देशानुसार प्राधिकरण द्वारा नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवायें एवं उनका संरक्षण) योजना, 2015 के क्रियान्वयन हेतु श्रीकृष्ण मर्चेण्ट एसोसियेशन इंटर कालेज (जनता इण्टर कॉलेज), किच्छा में 30 अप्रैल को बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विवरण प्रात: 11 बजे से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बहुउद्देशीय शिविर में विभागीय स्टॉलों के माध्यम से विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की नि:शुल्क प्रचार सामग्री व फार्म आंवटित कर, पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण कर, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, बौना पेंशन, आधार कार्ड आदि का लाभ दिलाया जायेगा और परिवार रजिस्टर की नकल एवं अन्य सुविधायें भी उपलब्ध कराई जायेगी तथा शिविर में स्वास्थ्य विभाग/मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ऊधम सिंह नगर के सहयोग से नि:शुल्क ओ०पी०डी० के माध्यम से क्षेत्र आम जनता को चिकित्सा सुविधा एवं दवाईयां उपलबध करायी जायेंगी। श्रम विभाग की ओर से नि:शुल्क प्रचार सामग्री वितरित कर, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों / मजदूरों का पंजीकरण भी किया जायेगा।

# गुरूनानक डिग्री कॉलेज की दो छात्राओं का हुआ प्लेसमेंट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रीत विहार स्थित गुरूनानक डिग्री कॉलेज में गठित प्लेसमेन्ट सेल द्वारा भारतीयम इण्टरनेशनल स्कूल, लालपुर एवं भारतीयम किड्स प्लेनेट, मॉडल कालोनी के डॉयरेक्टर, प्राचार्या एवं एच.आर. हेड के द्वारा शिक्षक एवं मार्केटिंग पद पर संस्थान के 28 छात्रों का साक्षात्कार सम्पन्न हुआ। जिसमें से आकांक्षा जोशी एवं अनु तिवारी का चयन किया गया। इस उपलब्धि पर डॉ0 रजनी छिम्वाल, डॉ0 नीरज कुमार जायसवाल एवं कार्यकारी अधिकारी श्रीमती असमीत कौर सेठी, प्लेसमेन्ट सचिव श्रीमती परविन्दर कौर, संयुक्त सचिव श्रीमती प्रिया गुप्ता एवं श्रीमती एकता, संसाधन प्रमुख डॉ0 अखिलेश सिंह एवं कु0 आंचल जुनेजा, प्लेसमेन्ट कार्यालय सहायक अखिलेष खरे, संदीप त्रिपाठी ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।

# जामवंत सम्मान से सम्मानित हुए वृक्ष मित्र मलड़ा

बागेश्वर (उद संवाददाता)। पर्यावरण संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए वृक्ष मित्र किशन सिंह मलड़ा को विशेष सम्मान से नवाजा गया है, वन भवन सभागार देहरादून में किशन सिंह मलड़ा को 'थर्ड आई पर्वतीय विकास शोध केंद्र' द्वारा पर्यावरण संरक्षण जैव विविधता जल संरक्षण में विशेष उल्लेखनीय कार्यो के लिए वन एवं पर्यावरण मंत्री सुबोध उनियाल, डॉ. कमल टाउरी पूर्व सचिव भारत सरकार के हाथों श्जामवंत सम्मानश से सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण संरक्षण करने वाले प्रकृति प्रेमियों, वैज्ञानिकों सहित वन मंत्री ने उनके द्वारा संसाधनों के अभाव में पर्यावरण संरक्षण के लिए दिए जा रहे योगदान को अतुलनीय बताते हुए भविष्य में आने वाली पीढ़ी के लिए उनके द्वारा रोपित किए गए दुर्लभ प्रजातियों के संरक्षण उन्हें पुनर्जीवित करने के लिए किए गए कार्य को सराहनीय बताया, और सभी से पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करने की अपील की। कार्यक्रम में सलाहकार वन मंत्री एसके सिंह, एसपी चमोली, निवेदता हरसन, सौरव अग्रवाल, प्रशांत मलड़ा, कमल नेगी, प्रशांत नगरकोटी अरविंद दरमोड़ा, अविनाश कुमार, तेजराम सेमवाल, देव आनंद मैथानी आदि मौजूद रहे, सभी महानुभावों को देवकी लघु वाटिका की ओर से चंदन, सिलिंग के पौधे भेंट किये गए।

# सेवा विस्तार को लेकर उपनल कर्मियों का धरना जारी

बागेश्वर (उद संवाददाता)। आज के दौर में वेरोजगारी के बीच संविदा में कोरोना काल मे मिली नौकरी को दुबारा बनाए रखने के लिए हटाए गए उपनल कर्मी आंदोलनरत है, स्वास्थ्य विभाग में कोविड काल के दौरान तैनात उपनल कर्मचारियों ने बुधवार को भी कलक्ट्रेट में धरना दिया। उन्होंने सेवा अवधि बढ़ाने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि सरकार ने उन्हें कोरोना काल में जो भी जिम्मेदारी सौंपी उन्होंने उसे पूरी सिद्दत के साथ पूरा किया, लेकिन अब सरकार उन्हें बाहर का रास्ता दिखाने का काम कर रही है। उन्होंने सेवा विस्तार नहीं देने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर दीपू कन्नोजिया, अमरजीत, अंकित कुमार, सुनील कुमार, पंकज कुमार, महेश, दीपा देवी, रोहित, रीतू कन्नोजिया, पूजा कन्पनोटिया, सीता देवी, विक्रम सिंह, दिनेश कुमार आदि उपस्थित थे।



# धार्मिक भावनाएं भड़काने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त की अध्यक्षता में आज बुद्धवार को अमन कमेटी की बैठक डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने कहा कि जनपद में सभी जाति, धर्म एवं सम्प्रदाय को मानने वाले लोग एकसाथ मिलजुल कर रहते हैं, जिस कारण इसे मिनी इण्डिया व कौमी एकता का गुलदस्ता कहा जाता है। उन्होंने कहा कि कौमी एकता के इस गुलदस्ते को किसी भी दशा में बिखरने नहीं दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि जनपद में धार्मिक भावनाओं को भड़काने वालों के खिलाफ संवैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। उन्होंने कहा कि जनपद में धार्मिक भावनों को भड़काने वालों के साथ ही एकता एवं अखण्डता की भावना को आहत करने वाले व्यक्तिय को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जायेगा और सीधे जेल ही जायेगा, चाहे वह किसी भी जाति, धर्म, समुदाय या सम्प्रदाय का हो। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त तथा एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने कहा कि सोशल मीडिया साईटों पर धार्मिक उन्माद फैलाने वाले एवं धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले व्यक्तियों की सूचना सम्बन्धित क्षेत्रों के सब इंस्पेक्टरों, एलआईयू के अलावा सीओ, एसपी को उपलब्ध करायें। जनपद में अमन-शान्ति बनी रहे, किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दिया जाये। उन्होंने कहा कि



सुरक्षात्मक दृष्टि से सभी धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगे हो। उन्होने बैठक में अधिनस्थों को निर्देशित करते हुए कहा कि शरारती तत्वों को चिन्हित कर 107/16 की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जी-20 के आयोजन के समय सबका सहयोग मिला, जी-20 के झण्डे के साथ सभी मेहमानों का स्वागत किया और सबको दिखा दिया कि देश एक साथ कितना खूबसूरत लगता है। इसके लिए उन्होने सभी को बधाई दी। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग, जल संस्थान एवं जल निगम के अधिकारियों निर्देश दिये कि सभी व्यवस्थाये दुरूस्त रखें। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नगर निगम द्वारा फोगिंग व साफ-सफाई निरन्तर की जाये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने कहा कि पूर्व में थाना स्तर पर यह बैठक आयोजित की जा चुकी है, पुलिस प्रशासन सभी के सहयोग के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होने काशीपुर एसपी अभय कुमार सिंह को निर्देश दिये कि काशीपुर में मौके मुआयना कर लें ताकि अलविदा एवं इद की नवाज के दौरान किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो। बैठक में मौलाना जाहिद रजा रिजवी ने कहा कि वतन की मुहब्बत ईमान का भाग है। उन्होंने कहा कि धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जनपद में अमन-शान्ति कायम रहे, इसके लिए सभी बुद्धिजीवियों को आगे आना चाहिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी जयभारत सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्र शेखर घोड़के, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, सीओ अभय कुमार के साथ ही जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये मौलानाओं द्वारा भी अपने-अपने विचार एवं सुझाव रखे गये। बैठक का संचालन अपर पुलिस अधीक्षक ने किया। बैठक में परवेज अहमद, मौ0 उमर, अयूब अली, कदीर अहमद, अजीज, अनीस अहमद, अशाहबुद्दीन, सईद मियां, मौलाना सईद सदर, तनवीर अहमद, सकील अहमद, साबिर हुसैन, नौशाद आलम, अब्दुल नवी, सराफत अली मंसूरी, हकीम जफर आदि उपस्थित थे।

# उत्तराखंड की मानसखंड झांकी पहुंची बागेश्वर

बागेश्वर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड-2023 में प्रथम स्थान पर रही उत्तराखंड की झांकी मानसखंड जिला मुख्यालय पहुँची, जहां जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने बुधवार को जिला कार्यालय परिसर से हरी झंडी नेशनल पार्क, ऐपण कला, वनों का समावेश से तैयार सुंदर झांकी दर्शायी गई है। उन्होंने सभी लोगों से इस भव्य झांकी को देखने के साथ ही सभी से इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने में सहायोग प्रदान करने की अपील की। जिससे हम पूरे देश में



दिखाकर आम जनता दर्शन के लिए रवाना किया।जिलाधिकारी ने कहा कि झांकी को सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शनी के लिए रोका जाएगा। झांकी कांडा से आई है। बागेश्वर, कपकोट, गरुड़, बैजनाथ होते हुए अन्य जिलों को जाएगी। उन्होंने बताया कि झांकी में जागेश्वर मंदिर, छोलिया नृत्य, राज्य पक्षी मोनाल, कस्तुरी मृग, कार्बेट अपने उत्तराखंड को प्रसिद्ध कर सकें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या आदि उपस्थित थे।वही मानसखंड रथ जिला मुख्यालय होते हुए कपकोट पहुँची जहा लोगों स्कूली छात्रों और सभी ज मानस ने उत्तराखंड की झांकी मानसखंड का दीदार किया।

# भागवत कथा श्रवण से होता है धर्म न्याय के मार्ग का ज्ञानः शिव

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प वार्ड नं 4 आजाद नगर क्षेत्र में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में पहुँचे क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा, जहाँ उन्होंने ब्यास सुखद अनुभूति से मन मे शांतिपूर्ण वातावरण का अहसास होता है । भगवान कृष्ण के दिखाये धर्म और न्याय के मार्ग का अनुसरण कर रुद्रपुर की भागवत कथा का आयोजन हमको हमारी संस्कृति सनातन परंपरा को जानने के लिये एक बेहतर माध्यम है ऐसे आयोजन से समाज मे एकजुटता आती है



गद्दी पर आसीन कथावाचक गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक शिव अरोरा बोले भगवान कथा श्रवण से श्रीकृष्ण के भक्तिमय जीवन लीला की जनता की सेवा करने का प्रयास कर रहे है, निश्चित रूप से रुद्रपुर की जनता के हित मे अपना शतप्रतिशत देने हेतु सदैव तत्पर है। विधायक शिव अरोरा ने कहा और समाज संगठित होता है। इस दौरान विजय डे, शंकर विश्वास, राजा, प्रवीण सरकार, सुब्रत राय, समीर सिंह , राजकुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

# धार्मिक आयोजनों से समाज को मिलती है सही दिशाः विकास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने वार्ड नंबर तीन दिनेशपुर के चंदनगढ़ में आयोजित श्री हरिनाम संकीर्तन में पहुंचकर आशीर्वाद लिया और संकीर्तन सुना और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान जप का बड़ा महत्व है। हरिनाम संकीर्तन नाम जप की ही एक ऐसी पद्धति है जिससे जन्म जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन हमें अपनी संस्कृति और सभ्यता से जोड़ने का काम करते हैं साथ ही नई पीढ़ी को धर्म सदभाव और भाईचारे की भावना को भी बढ़ाते हैं। उन्होंने धार्मिक आयोजनों में हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर दिनेशपुर के पूर्व चेयरमैन काबल सिंह, दिपिन सुखीजा, अर्जित राठी, देव शर्मा, गगन ग्रोवर, अजीत साह, शंकर



आयोजकों ने भाजप प्रदेश मंत्री का स्वागत करते हुए अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश मंत्री ने कहा कि कलयुग में नाम की राह पर चलने की प्रेरणा भी देते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसे आयोजन समय समय पर होने से नई उर्जा का संचार होता है ऐसे आयोजन समाज में आपसी विश्वास, विजय डे, अशोक विश्वास, दीपक गुड़िया, आलोक राय, गोविंद शर्मा, सुभाष स्वर्णकार, बबलू, प्रशांत आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।

# डीएम ने ली अवैध खनन निरोधक दल की बैठक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद में अवैध खनन, परिहवन एवं भण्डारण पर पूर्णतः अंकुश हेतु राजस्व, पुलिस, वन, खनन विभाग के अधिकारी आपसी तालमेल से कार्य करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने अवैध खनन निरोधक दल की बैठक लेते हुए जिला कार्यालय सभागार में दिये। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिये कि जनपद में अवैध खनन, परिहवन एवं भण्डारण करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही अमल में लाई जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद स्तर से किये जाने वाले छापेमारी अभियान में किसी भी दशा में स्थानीय स्तर के कार्मिकों को किसी भी प्रकार की सूचना न दी जाये और जनपद स्तर से ही टीम पूरी तैयारियों के साथ जाये। उन्होंने स्पष्ट कहा कि टीम में शामिल किसी भी व्यक्ति के साथ छापेमारी के दौरान अभद्रता एवं एक भी खरोच बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि छापेमारी के दौरान फोटो तथा वीडियोग्राफी अवश्य कराई जाये। जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि नम्बर प्लेट सही से न लगाने वाले एवं नम्बर प्लेट के साथ ग्रीस आदि लगाकर छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही करने तथा टॉल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग समय-समय पर चैक करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि कॉमर्शियल कार्य विशेषकर अवैध खनन में लगी ट्रैक्टर ट्राली स्वामियों के खिलाफ



भी सख्ती से कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि अवैध खनन से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण हेतु डेडलाइन जारी करते हुए कहा कि शिकायत प्राप्त होने पर शिकायत का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर करना सुनिश्चित करें। जनपद स्तर पर गठित अवैध खनन निरोधक दल हेतु गठित समिति में जिलाधिकारी को अध्यक्ष तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नोडल प्रभागीय वनाधिकारी, जिला खान अधिकारी, संभागीय परिवहन अधिकारी, सम्बन्धित क्षेत्र के ग्राम प्रधान तथा जीबी पन्त कृषि एवं तकनीकि विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान के एचओडी को सदस्य बनाया गया है। जिलाधिकारी ने उपखण्ड स्तर पर गठित समिति का अध्यक्ष सम्बन्धित क्षेत्र के उप जिलाधिकारी को तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी, उप प्रभागीय वनाधिकारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, ग्राम प्रधान तथा जिला खान अधिकारी एवं खान निरीक्षक को सदस्य बनाया गया है। बैठक में अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह,प्रशिक्षु आईएएस अनामिका, डीएफओ वैभव सिंहएसपी क्राइम चन्द्रशेखर घोड़के, उप निदेशक खनन दिनेश कुमार, एसडीओ प्रदीप कुमार, एके जोशी, एआरटीओ वीके सिंह, ग्राम प्रधान चन्द्रकला, राहुल तिवारी, कैलाश चन्द्र जोशी, राधा देवी, रीति कोहली, हरमन सिंह, राकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

Anant Graphics ANANT GRAPHICS
We Deals In
— All Kinds of Printing Solution... —
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us 98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# श्री श्याम कृपा महोत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## विख्यात भजन गायक संजय मित्तल के भजनों पर झूमे श्रद्धालु




रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वाधान में बीती रात गल्ला मण्डी में आयोजित भव्य श्याम कृपा महोत्सव में भजन गायक संजय मित्तल के भजनों पर श्रद्धालु बाबा श्याम की भक्ति में मंत्रमुग्ध हो गये। देर रात तक चले महोत्सव में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर हाजिरी लगायी और बाबा का गुणगान सुना।श्याम संकीर्तन से पूर्व शहर में विशाल निशान यात्रा कपिल इंदौरिया जी सूरजगढ़ वालों के सानिध्य में निकाली गई जो सिटी क्लब से प्रारम्भ होकर मुख्य बाजार से होते हुए गल्ला मंडी पहुँची। निशान यात्रा में सैकड़ों भक्तों ने हाथों में ध्वज लेकर निशान यात्रा मे बढ़चढ़ कर भाग लिया। मार्ग में अनेक धार्मिक संस्थाओं द्वारा इस यात्रा का जोरशोर से स्वागत किया । यात्रा के दौरान ही रुद्रपुर विधायक श्री शिव अरोरा व रुद्रपुर व मेयर रामपाल सिंह ने भी बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त किया। जगह जगह यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। निशान यात्रा के संकीर्तन स्थल पहुंचने के साथ ही संकीर्तन शुरू हुआ जो देर रात तक चला। विधिवत ज्योति प्रज्वलित करके महोत्सव की शुरूआत की गयी। इस अवसर पर विख्यात भजन गायक संजय मित्तल व अजय शर्मा ने भजनों की वर्षा में सभी भक्तों को सराबोर कर नाचने पर मजबूर कर दिया। देर रात तक हजारों श्रद्धालु श्याम बाबा की भक्ति के सागर में गोते लगाते रहे। प्रात: भोग एवं आरती के बाद प्रसाद वितरण के साथ महोत्सव सम्पन्न हुआ। इस मौके पर गदरपुर विधायक अरविंद पांडे,रुद्रपुर के पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ,पूर्व चेयरमैन मीना शर्मा, अनिल शर्मा ,वेद ठुकराल ने भी श्याम बाबा के दरबार में पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया। विशिष्ठजनों को आयोजकों ने अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल के रामकिशन शर्मा , प्रवीण गोयल, सचिन अग्रवाल , तरुण कालरा, राजकुमार जैन,रमेश भुसरी,अमन सिंह ,सत्यम कालरा, शशांक कालरा ,गोविंद शर्मा ,मनोज गर्ग, मनोज श्यामपुरिया, मानस दुनेजा, सुरेंद्र शर्मा,नरेंद्र रावत नवीन गुम्बर, राकेश शर्मा, शुभम शर्मा ,मुकेश शर्मा ,रोहित,मनीष गोयल, दिनेश गोयल ,वीरेंद्र गुप्ता आदि समेत तमाम लोग व्यवस्थाओं में जुटे रहे। मंडल के पदाधिकारियों ने दरबार में पहुंचे सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया।

### महोत्सव व निशान यात्रा के सफल आयोजन पर जताया आभार

रूद्रपुर। श्री श्याम कृपा महोत्सव और निशान यात्रा के सफल आयोजन पर श्याम प्रेमी राकेश शर्मा ने सभी सहयोगियों और शहर की धर्म प्रेमी जनता का आभार व्यक्त किया है। राकेश शर्मा ने कहा कि सभी के प्रयासों से इतना बड़ा आयोजन सफल हो पाया। उन्होंने कहा कि पिछली बार के सफल आयोजन के बाद श्याम प्रेमियों की इच्छा थी कि विख्यात भजन गायक संजय मित्तल को महोत्सव में आमंत्रित किया जाये, जिस पर श्याम मित्र मण्डल की बैठक में इस पर विचार विमर्श के बाद भजन गायक संजय मित्तल को आमंत्रित करने की घोषणा की थी जिसे पूरा करते हुए बीती रात आयोजन पूरी तरह सफल रहा। दरबार के साथ साथ निशान यात्रा में भी उम्मीद से अधिक भीड़ उमड़ी। उन्होंने निशान यात्रा और दरबार में पहुंचे सभी लोगों का आभार व्यक्त किया है।








## केरल की समाज सेविकाओं ने ग्राम धरमपुर में चलाया जागरूकता अभियान

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सुचेतना समाज सेवा संस्था के डायरेक्टर फादर पिंटू के तत्वाधान मे आयोजित कार्यक्रम में केरल से आई हुई सभी समाज सेविकाओं का ग्राम धर्मपुर की प्रधान सर्वजीत कौर द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जिसमें श्रीमती शांति देवी समूह सचिव, रानी देवी कोषाध्यक्ष तथा गीता देवी उर्मिला देवी व शीला के द्वारा सभी केरल से आई हुई अतिथियों को माला पहनाकर व तिलक कर स्वागत किया गया। केरल से आई हुई समाज सेविकाओं ने महिलाओं को घरेलू हिंसा को लेकर कानूनी जानकारी दी तथा इसी प्रकार समाजसेवी इंदरपुर कॉलोनी में गए और वहां पर बच्चों द्वारा स्वागत किया गया। समाज सेविकाओं ने बच्चों को बाल सदन की जानकारी दी व बच्चों से चार्ट द्वारा गतिविधि कराई। जिसमें बच्चों ने दर्शाया कि हमारे गांव की क्या-क्या परेशानियां हैं। गतिविधि पूरी होने पर समाज सेविकाओं ने बच्चों को बताया कि किस प्रकार से अपने परेशानियां दूर कर सकते हैं। गांव की प्रधान को एप्लीकेशन लिख कर समाधान कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों को बहुत ही सरल भाषा में समझाया। बच्चों को गेम कराया। महिलाओं को एक डांस के माध्यम से उन्होंने महिला जागरूक प्रोग्राम दिखाया। महिलाओं ने भी उनके साथ खूब डांस किया। समाज सेविका सपना द्वारा किए गए धन्यवाद के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में निशा, स्वाति व कविता आदि ने सहयोग प्रदान किया।



## कालोनीवासियों को विद्युत समस्या से दिलाई निजात

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गंगापुर रोड स्थित विजयलक्ष्मी इन्क्लेव कालोनी में आये दिन ट्रांसफार्मर फुंकने से हो कालोनीवासियों को हो रही दिक्कतों का समाधान हो गया है। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने एसडीओ को मौके पर बुलाकर समस्या से अवगत कराया जिसके बाद नया ट्रांसफार्मर लगाने की तैयारी शुरू हो गयी है। विजय लक्ष्मी कालोनी के लोगों ने विद्युत अव्यवस्था की शिकायत भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा से की थी जिस पर विकास शर्मा मौके पर पहुंचे और समस्या का जायजा लेकर विद्युत विभाग के एसडीओ श्री मदान को मौके पर बुलाकर निरीक्षण करवायां और उनसे बड़ा ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। जिस पर एसडीओ ने विभागीय कर्मियों को ट्रांसफार्मर बदलकर 250 किलोवाट क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश दिये। विभाग ने नया ट्रांसफार्मर लगाने के लिए मौके पर काम शुरू कर दिया है। इस दौरान विकास शर्मा ने कहा कि नया ट्रांसफार्मर लगते ही बिजली की समस्या खत्म हो जायेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की समस्याओं का निराकरण उनकी प्राथमिकता है। भाजपा सरकार में जनहितों की अनदेखी नहीं होने दी जायेगी। समस्या का समाधान होने पर कालोनी के लोगों ने विकास शर्मा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विजय लक्ष्मी इन्क्लेव सोसायटी के अध्यक्ष दर्शन चन्द, उपाध्यक्ष राधाकांत सरकार, सचिव केसी मण्डल, भुवन चन्द्र जोशी, शुभराज दास, कृष्ण चन्द्र मिश्रा, पीएन सिंह, सतीश मुंजाल, केके शर्मा, होरी लाल कश्यप, जीपी राय, अशोक विश्वास, गगन मुंजाल,राकेश मुंजाल, एके पाल, गगनदीप सिंह आदि मौजूद थे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### न्याय की धारणा

अपराध और दंड के संदर्भ में एक मशहूर उक्ति का उल्लेख अक्सर किया जाता रहा है कि न्याय न केवल होना चाहिए, बल्कि वह होते हुए दिखना भी चाहिए। विडंबना यह है कि कई बार किसी अपराध के साबित हो जाने के बाद सजायाफ्ता दोषियों के बारे में भी सरकारों का रुख ऐसा होता है, जो समूची न्याय की अवधारणा को ही कठघरे में खड़ा कर देता है।जाहिर है, न्याय में भरोसा करने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए यह एक असहज करने वाली स्थिति होती है। शायद यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो के मामले की सुनवाई करते हुए गुजरात सरकार को फटकार लगाते हुए यह कहा कि जब समाज को बड़े पैमाने पर प्रभावित करने वाले जघन्य अपराधों की सजा में छूट पर विचार किया जाता है तो सार्वजनिक हित को ध्यान में रखते हुए शक्ति का प्रयोग किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि बिलकिस बानो ने गुजरात सरकार पर अपने मामले के दोषियों को समय से पहले रिहा करने का आरोप लगाया है। इस मामले पर सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने जो सख्त टिप्पणियां की हैं, वह न्याय के संदर्भ में सरकारी रवैये को आईना दिखाने जैसा है। दरअसल, इस मामले में न सिर्फ एक गर्भवती महिला से सामूहिक बलात्कार किया गया, बल्कि उसके सात रिश्तेदारों की हत्या कर दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि हमने गुजरात सरकार को इस संबंध में सभी साक्ष्य पेश करने के लिए कहा था हम जानना चाहते हैं कि क्या गुजरात सरकार ने अपना विवेक लगाया है। अगर हां, तो बताएं कि आपने किस सामग्री को दोषियों की रिहाई का आधार बनाया है। हैरानी की बात यह है कि अदालत में गुजरात सरकार ने उम्रकैद के सजायाफ्ता दोषियों की रिहाई से जुड़े दस्तावेज दिखाने के आदेश का विरोध किया। जबकि अगर सरकार इस मसले पर खुद को सही मानती है तो उसे कम से कम अदालत के कहने पर पूरी पारदर्शिता जरूर बरतनी चाहिए। स्वाभाविक ही गुजरात सरकार के इस रुख पर अदालत ने एक तरह से चेतावनी देते हुए कहा कि रिकार्ड पेश नहीं किए गए तो इस मामले में कोर्ट की अवमानना के आरोप में कार्यवाही चल सकती है और अगर कारण नहीं बताए जाते हैं तो हम अपना निष्कर्ष निकाल लेंगे। सवाल है कि इतने संवेदनशील मामले में सभी दोषियों की रिहाई का फैसला करने से पहले सरकार को क्या अपने विवेक का प्रयोग करना जरूरी नहीं लगना चाहिए था! गौरतलब है कि बिलकिस बानो के मामले में बलात्कार और हत्या की जैसी प्रकृति थी, उसकी गंभीरता के मद्देनजर सभी दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। लेकिन इस मामले के सभी ग्यारह दोषियों को पिछले साल पंद्रह अगस्त को रिहा कर दिया गया था। रिहाई के बाद सार्वजनिक रूप से इन सबका स्वागत करने की जैसी खबरें आई थीं, उसे लेकर बहुत सारे लोगों के बीच उचित ही दुख और आक्रोश फैला था। सवाल है कि ऐसा करके इस जघन्य अपराध की पीड़ित और उनके परिजनों के साथ-साथ न्याय में भरोसा रखने वाले सभी लोगों को किस तरह का संदेश दिया गया था? एक प्रश्न यह भी है कि ऐसी रिहाई का व्यापक सामाजिक प्रभाव क्या पड़ेगा? इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट की चिंता को समझा जा सकता है कि आज यह बिलकिस के साथ हुई घटना का सवाल है, कल ऐसा किसी के साथ भी हो सकता है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि सामूहिक बलात्कार और हत्या जैसे जघन्य अपराध के दोषियों के प्रति कोई सरकार नरम रवैया अख्तियार करती है, मगर इससे न्याय की धारणा को चोट पहुंचती है।

# स्वयं सहायता समूह की कैंटीन का किया शुभारम्भ

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल की महिलाओं को सशक्तिकरण व आत्मनिर्भरता की दिशा में सराहनीय पहल धरातल पर साकार हो रही है। जिसके क्रम में बुधवार को दीनदयाल मिशन अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत कुसुमखेड़ा की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा सिटी मजिस्ट्रेट व उपजिलाधिकारी कार्यालय हल्द्वानी के परिसर में कैंटीन का शुभारम्भ नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सिटी मजिस्टेट्र ऋचा सिंह व उपजिलाधिकारी मनीष कुमार द्वारा संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया गया।जिलाधिकारी श्री गर्ब्याल का मानना है कि जनपद की सभी महिला स्वयं सहायता समूहों को आगे बढ़ाने में सभी लोग मिलकर सहयोग करें जिससे महिलाओं के जीवन स्तर को बेहतर बनाया जा सके। सिटी मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी के साथ ही नगर निगम कार्यालयों में कैन्टीन खुल जाने से कार्यालय के कार्मिकों के साथ आने वाले फरियादियों को कम धनराशि मे पौष्टिक भोजन घर जैसा गुणवत्ता युक्त मिलेगा वही कैंटीन का संचालन करने से महिलायें जहां आत्मनिर्भर होंगी वही महिलाओं की आर्थिकी भी मजबूत होगी। जिलाधिकारी की पहल पर महिलाओं द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय, विकास भवन, जनपद की सभी



तहसीलों के साथ ही जनपद के अन्य कार्यालयों में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा कैंटीन का संचालन किया जा रहा है जो महिलाओ को आत्मनिर्भर मजबूत बनाने का कार्य कर रही हैं। परिसर में कैंटीन के शुभारम्भ के अवसर पर नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह एवं उपजिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि कैंटीन खुल जाने से फरियादियों के साथ ही कार्मिकों को पौष्टिक भोजन के साथ ही मिलावटी व अशुद्व भोजन से निजात मिलेगी वही 50 रूपये में गुणवत्ता युक्त पौष्टिक भोजन मिलेगा। उन्होंने बताया कि कैंटीन में भोजन के साथ ही जलपान भी उपलब्ध रहेगा। उन्होंने बताया पौष्टिक भोजन की थाली में 04 रोटी, सब्जी, दाल, चावल व सलाद रहेगा। स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष कविता व कोषाध्यक्ष भावना ने कहा कि उनके द्वारा कैंटीन में गुणवत्ता युक्त पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा जिससे सभी लोगों का स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

# जनता दरबार में फरियादियों की समस्याओं का किया निस्तारण

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी ने बुधवार को जनता दरबार में फरियादियों द्वारा मुख्यतया: पेयजल, सडक, पेंशन, खनन, अतिक्रमण,विद्युत आदि की समस्या से सम्बन्धित शिकायतें दर्ज हुई, दर्ज शिकायतों में अधिकांश शिकायतों का श्री जोशी द्वारा समस्याओं को मौके पर ही निस्तारण किया एवं अपर जिलाधिकारी ने दूरभाष से वार्ता कर एवं मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निधारित समयावधि में समस्याओं का निस्तारित करते हुए अवगत कराने के भी निर्देश दिए। गौला खनन संघर्ष समिति द्वारा बताया गया कि गौला एवं नंधौर नदी में वाहनों द्वारा ओवरलोड रेता लाई जा रही है जो नियम विरूद्व है। संघर्ष समिति ने वाहन पंजीकरण के अनुरूप वजन की अनुमति देने का आग्रह किया। जिस पर अपर जिलाधिकारी ने कहा कि खनन विभाग से वार्ता कर समस्या का समाधान किया जायेगा। कमलेश अधिकारी उत्तम कालोनी हल्द्वानी ने बताया कि प्रार्थीनी की



आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है व बेरोजगार भी है अत: प्रार्थीनी का बीपीएल कार्ड बनाने के अनुरोध किया। जिस पर श्री जोशी ने जिला पूर्ति अधिकारी को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश मौके पर दिये। जय श्री राम कॉलौनी रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसाइटी के लोगो द्वारा बताया कि 02 विद्युत पोल जयश्री कॉलोनी के लिए स्वीकृत किये गये थे। लेकिन वर्तमान तक विद्युत पोल नहीं लगाये गये। जिस पर अपर जिलाधिकारी ने अधीशासी अभियन्ता विद्युत को जॉच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही जनता दरबार में पान गिरी गोस्वामी निवासी तीनपानी ने सीसी मार्ग निर्माण खनन न्यास निधि से करवाने का अनुरोध किया, मोहन पुत्र बृजवासी बरेली रोड हल्द्वानी ने बताया कि उनके पास भूमि नहीं भूमि दिलाने की मांग की, शिव विहार सैक्टर 03 फेस 01 के लोगों द्वारा बताया गया कि आरके टेन्ट हाउस रोड कुसुमखेडा में वर्षाकाल में जलभराव हो जाता है सीसी मार्ग निर्माण कराने की मांग की, अमित कुमार निवासी कुसुमखेडा ने बताया कि नैन्सी कॉनवेंट बोडिंग स्कूल ज्योलिकोट में कार्यरत है उन्हें कॉलेज प्रशासन द्वारा वेतन नहीं दिया गया श्री अमित कुमार ने वेतन दिलाने का अनुरोध किया। जनता दरबार में नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह,उपजिलाधिकारी मनीष कुमार के साथ ही लोनिवि, सिंचाई, जलसंस्थान व समाज कल्याण आदि विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



# पहली से आठवी तक 26 अप्रैल से मिलेंगी स्कूलों में किताबें

## कक्षा 1 व 2 के छात्रों को नहीं मिलेगा गृहकार्य, नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यालयी शिक्षा के पाठ्यक्रम में परिवर्तन

देहरादून । प्रदेशभर की सरकारी और सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में हर वर्ष निशुल्क मिलने वाली किताबों का इंतजार खत्म हो सकता है। पहली से आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के लिए मुफ्त पुस्तकें 26 अप्रैल से मिलनी प्रारंभ हो जाएंगी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीमा जौनसारी ने पुष्टि कर कहा कि पहली से आठवीं कक्षा तक की अधिकतर पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। किताबों को ब्लाक स्तर पर पहुंचाया जा रहा है। जहां से स्कूलों में पहुंचाई जाएगी। आशा है कि 26 अप्रैल से कुछ सरकारी स्कूलों में प्रारंभिक कक्षाओं की किताबें मिलनी प्रारंभ हो जाएंगीं। नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) में विद्यालयी शिक्षा का पाठ्यक्रम कुछ विशेष प्रयोगों के बाद आंशिक बदलाव किए जा रहे हैं। पहली एवं दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों को गृहकार्य नहीं दिया जाएगा। नई शिक्षा नीति-2020 के तहत स्कूलों में महंगी किताबों का बोझ कम करने के साथ ही बस्ते का भार भी हल्का करने की तैयारी की जा रही है। नए पाठ्यक्रम में पहली एवं दूसरी कक्षा के छात्रों को गृहकार्य नहीं दिया जाएगा। उत्तराखंड शिक्षा विभाग, एससीईआरटी के साथ मिलकर पहली एवं दूसरी कक्षा के पाठ्यक्रम को इस प्रकार डिजाइन किया जा रहा है कि छात्रों को पुस्तकों को कम से कम पढ़ना पढ़े और मौखिक रूप अधिक से अधिक ज्ञानवर्धक जानकारी मिल सके। नई शिक्षा नीति में कक्षा तीन के छात्र-छात्राओं को केवल दो घंटे का गृहकार्य प्रति सप्ताह दिए जाने का प्रविधान है। चौथी एवं पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों को पूर्व के पाठ्यक्रम के मुकाबले कम गृहकार्य दिया जाना है। प्राथमिक के छात्र-छात्राओं का पाठ्यक्रम ज्ञानवर्धक, रोचक, आकर्षक आकृतियों से युक्त प्राकृतिक वस्तुओं, मानचित्र, कलाकृतियों के आधार पर बनाया जा रहा है। दरअसल, नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यालयी शिक्षा के पाठ्यक्रम में कुछ परिवर्तन किया जा रहा है। विशेषकर पहली से तीसरी कक्षा तक के गणित व विज्ञान के विषयों को रोजगार और सरल बनाया जा रहा है, ताकि छात्रों के मन में गणित और विज्ञान का भय न रहे। क्योंकि इन्हीं दोनों विषयों में आगे चलकर ज्यादातर छात्र-छात्राएं कड़ी मेहनत करते हैं और फिर भी अन्य विषयों के मुकाबले कम नंबर प्राप्त कर पाते हैं।

# यात्रा पड़ावों पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को केदारनाथ धाम के सेवादार सदस्यों के दल के वाहनों का फ्लैग ऑफ किया। इन सेवादारों द्वारा श्री केदारनाथ यात्रा मार्ग पर 21 से 25 अप्रैल तक श्रद्धालुओं के लिए उत्तराखंड के मुख्य सेवक के नाम पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। बाबा केदार की डोली के गुप्तकाशी से केदारनाथ पहुंचने तक यात्रा पड़ावों पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया जाएगा। 24 और 25 अप्रैल को हेलीकॉप्टर से




पुष्प वर्षा भी की जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड की चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत सभी तैयारियां की गई है। चारधाम यात्रा की नियमित समीक्षा की जा रही है। चारधाम यात्रा के प्रति लोगों में काफी उत्साह हैं। अभी तक 16 लाख से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। स्वयं सेवी संगठनों एवं सामाजिक संगठनों का पूरा सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा की देवभूमि उत्तराखण्ड आने वाले सभी श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा दी जाएगी। इस अवसर पर कर्नल अजय कोठियाल (से.नि) भी मौजूद रहे।

# पंतनगर विवि के कुलपति ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर के कुलपति प्रो0 मनमोहन चौहान और विभागाध्यक्ष



कंप्यूटर साइंस डॉ0 एस डी सामंतराय ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को पंतनगर विश्वविद्यालय में भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय के सहयोग से इंडस्ट्री 4.0 एक्सपीरियंस सेंटर स्थापित किये जाने के विषय में जानकारी दी। इंडस्ट्री 4.0, विनिर्माण क्षेत्र के डिजिटलीकरण का अगला चरण है। विनिर्माण और इसी तरह के उद्योगों और मूल्य-निर्माण प्रक्रियाओं के डिजिटल परिवर्तन को उद्योग 4.0 के रूप में जाना जाता है। कुलपति ने बताया कि सेंटर स्थापना से तकनीकी के माध्यम से इंडस्ट्री 4.0 के बारे में जानकारी प्राप्त हो सकेगी। इसके अलावा यह सेंटर विद्यार्थियों के कौशल विकास और उनकी उद्यमशीलता में सहयोग करेगा। सेंटर उद्योगों में कार्यरत मानव शक्ति के प्रशिक्षण में भी मददगार होगा साथ ही यह सेंटर उत्तराखण्ड के लिए सेंटर ऑफ एक्सलेंस के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि इस सेंटर का उद्देश्य उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा में लाने, तकनीक आधारित ज्ञान में बढ़ोत्तरी किए जाने और उद्योगों और अकादमिक भागीदारी का बढ़ावा दिया जाना है। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी क्षेत्र के प्रसार को देखते हुए इंडस्ट्री 4.0 एक्सपीरियंस सेंटर एक बड़ी जरूरत है। इसके लिए विश्वविद्यालय सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए सेंटर की स्थापना के लिए कार्यवाही करे। उन्होंने इस दौरान कहा कि तकनीकी के सहयोग से हम अपने कार्यों को सुगम और सरल बनाने के साथ ही गुणवत्ता में भी बढ़ोतरी होगी। इससे उद्योग जगत, के साथ-साथ विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा और उनके कौशल विकास में लाभप्रद होगा।

# रानीखेत एक्सप्रेस की चपेट में आने से युवक की मौत

रुद्रपुर। रेलवे स्टेशन के पास रानीखेत एक्सप्रेस की चपेट में आ कर एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर जीआरपी ने शव कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जीआरपी ने युवक के ट्रेन से गिरने की आशंका जताई है हालांकि उसके पास से ट्रेन का टिकट नहीं मिला है। बुधवार सुबह करीब 4:45 बजे रुद्रपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म से करीब एक किलोमीटर पहले दिल्ली से काठगोदाम आ रही रानीखेत एक्सप्रेस की चपेट में आ कर एक युवक की मौत हो गई। ट्रैक मैन ने जीआरपी को सूचित किया। जीआरपी ने शव को कब्जे में लिया। रुद्रपुर रेलवे स्टेशन के जीआरपी चौकी प्रभारी रामवीर सिंह ने बताया कि मृतक के पास कोई भी पहचान पत्र नहीं मिला। शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

# पेयजल योजनाओं का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन करने के निर्देश

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने वीसी के माध्यम से पेयजल विभाग की समीक्षा बैठक ली। मण्डल से वीसी में मण्डलायुक्त दीपक रावत व मण्डल के समस्त जिलाधिकारी उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएम ने समस्त जिलाधिकारी को मिशन मोड़ में कार्य करने, कुछ पेयजल योजनाओं का स्वयं निरीक्षण करने के साथ ही जनपद के समस्त अधिकारियों से भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि अधिकारियों के भौतिक सत्यापन से वास्तविक फीडबैक प्राप्त होगा व कमी को दूर किया जा सकेगा। वीसी



में मण्डल से जुड़े मण्डलायुक्त दीपक रावत ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत कुमाऊँ मण्डल में लागत 4456 करोड़ की 6673 डीपीआर का कार्य किया जाएगा। आयुक्त ने वीसी में बताया कि जलजीवन मिशन योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य का कार्य मार्च 2024 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। वर्तमान में 6654 टेंडर विभाग द्वारा आमंत्रित कर लिए गए है शेष पर निविदा आमंत्रण का कार्य गतिमान हैं। आयुक्त ने बताया कि इसके साथ ही मण्डल के समस्त विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्रों को भी पेयजल से आच्छादित किया जाना है जो कि लगभग पूर्ण कर लिया गया है। इसके साथ ही जल स्त्रोत संवर्धन, संरक्षण के कार्य भी किए जा रहे है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत उत्तराखंड जल संस्थान द्वारा कुल 3536 स्कूल, 2992 आंगनवाड़ी केंद्रों में जल संयोजन प्रदान कर जलापूर्ति उपलब्ध कराई जा चुकी है।






# कोविड चिकित्सा कर्मियों ने किया प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कोविड काल मे राजकीय मेडिकल कॉलेज, सुशीला तिवारी, बेस हॉस्पिटल में लगे कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन 35 वे दिन भी जारी रहा। कोविड कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर एसटीएच में जोरदार



प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं किया जाता आंदोलन जारी रहेगा। मेडिकल कॉलेज, सुशीला तिवारी हॉस्पिटल में कई विभागों में पद खाली है। फिर भी प्रशासन कोई भी सुध नही ले रहा है। प्रदर्शन करने वालों में राहुल आर्या,पंकज राणा, महेश आर्य, नवीन बेलवाल महेश, मेर,कुमुद, अंकित यादव, भावना आर्य, कविता शर्मा, संध्या, अनीता, राधा आदि लोग मौजूद थे।

# अस्पताल के आगे से बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बीते दिनों अज्ञात वाहन चोरों ने आवास विकास में दशमेश द्वार के पास अस्पताल के आगे खड़ी मोटर साईकिल चोरी कर ली। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में राजवीर यादव पुत्र भोजराम निवासी ग्राम कोठा जागीर बिलासपुर रामपुर ने कहा है कि 7 अप्रैल की शाम आवास विकास दशमेश द्वार के पास द न्यूरो सेंटर अस्पताल के बाहर उसने अपनी मोटरसाइकिल संख्या यूपी 22 9750 खड़ी की थी। अस्पताल में उसके पिता का इलाज चल रहा है। जिस वजह से उसे रात में रुकना पड़ा। मध्य रात्रि अज्ञात लोगों द्वारा अस्पताल के बाहर से उसकी बाईक चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम शफाहत हुसैन (SHAFAHAT HUSAIN) था, अब मैंने अपना नाम परिवर्तन करके शफात हुसैन (SHAFAT HUSSAIN) रख लिया है। मेरी सही जन्म तिथि 30.06.1951 (तीस जून सन उन्नीस सौ इक्यावन) है। भविष्य में मुझे शफात हुसैन (SHAFAT HUSSAIN) के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**शफात हुसैन, पुत्र श्री विलायत हुसैन**
निवासी-म0न0-ई0-20-21, प्रीत विहार कालोनी, फाजलपुर महरौला, वार्ड नं0.-25, रूद्रपुर, जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड


## पेज एक का शेष...

**राहुल गांधी को झटका...**वाली याचिका पर नोटिस जारी किया था। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने फैसले को सुरक्षित रख लिया था। राहुल के वकील ने कोर्ट में कहा था, निचली अदालत में मामले की सुनवाई उचित नहीं थी। इस मामले में अधिकतम सजा की कोई जरूरत नहीं है। राहुल की ओर से कहा गया था कि अगर निचली अदालत के 23 मार्च के फैसले को निलंबित और स्थगित नहीं किया गया तो इससे उनकी प्रतिष्ठा को क्षति होगी। राहुल गांधी की याचिका पर सेशन कोर्ट के आज के फैसले को बड़ा झटका माना जा रहा है। क्योंकि अगर राहुल की मांग को मानते हुए कोर्ट सजा और दोषी पाए जाने पर रोक लगा देती, तो राहुल की संसद सदस्यता की बहाली हो सकती है। अब कोर्ट ने राहुल को राहत नहीं दी। ऐसे में राहुल सेशन कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे।

साथ शराब के ठेके पर देखा। महिला ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि इस घटना से पूर्व शानू पुत्र फारुख नामक युवक ने बेतालघाट में काम के दौरान विवाद उत्पन्न होने पर उसके पुत्र को 8 दिनों के भीतर मौत के घाट उतारने की धमकी दी थी। पहाड़ में दोनों साथ-साथ मजदूरी किया करते थे। महिला ने कोर्ट को यह भी बताया कि शानू और अंकुर शर्मा एक साथ शराब पीते हैं। दोनों ने ही सुनियोजित तरीके से उसके पुत्र को मौत के घाट उतार कर सबको एक्सीडेंट का रूप देने का प्रयास किया है क्योंकि घटनास्थल के आसपास खून अथवा गाड़ी के टायर के कोई निशान नहीं मिले। मृतक नंगे पांव था। उसके हाथ में नीले निशान थे। सिर में गहरी चोट पाई गई। इस लिहाज से प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि बांध कर बुरी तरह पिटाई करने के बाद जुबैद को मौत के घाट उतार कर उसे घटनास्थल पर देखते हुए हत्याकांड को दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया गया। फिलहाल पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर उपरोक्त दोनों आरोपियों अंकुश शर्मा व शानू के खिलाफ धारा 302 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

**युवक ने फांसी...** के पद पर कार्यरत है। उसकी मां का देहांत हो चुका है जबकि पिता लकवाग्रस्त हैं। परिवार मूल रूप से शीशगढ़ बरेली का है। पिछले कुछ वर्षों से परिवार यहां राजा कालोनी में अपना मकान बनाकर रहा है। पुलिस आत्म हत्या के कारणों की जांच कर रही है। मौके पर कोई सुसाईड नोट नहीं मिला है।

**लाखों की अवैध...** नाम पता विक्रम सिंह निवासी रोहतक हरियाणा व प्रदीप सिंह निवासी सोनीपत हरियाणा बताया। पुलिस ने बरामद शराब तथा कार संख्या एच आर 79 डी 9952 को कब्जे में लेकर दोनों शराब तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। उन्होंने बताया कि वह हरियाणा से सस्ते दामों में अंग्रजी शराब खरीदकर लाते हैं और हल्द्वानी और पहाडी जनपदो में ऊंचे दामों में अवैध तस्करी करते है। तस्करी के लिए महंगी कारों का इस्तमाल करते हैं जिससे पुलिस को कोई शक न हो सके। टीम में विजय मेहता, एसएसआई, राजवीर सिंह नेगी, प्रभारी एसओजी, उनि धर्मेंद्र कुमार, चौकी प्रभारी हीरानगर, हेकानि. त्रिलोक रौतेला, कॉन्स्टेबल मोहम्मद आजम, हरीश चंद्र जोशी, अशोक रावत व भानू प्रताप शामिल थे। एसएसपी द्वारा पुलिस टीम को 2,500 रुपए के नगद पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।

**संदिग्ध हालातों...**है। पुलिस ने मामला दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। मामले में महिला सहित कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

**संदिग्ध परिस्थितियों में...** संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। इसी तरह गुमशुदगी के एक अन्य मामले में नगरिया सादात तहसील मीरगंज उत्तर प्रदेश निवासी 25 वर्षीय शिवानी शर्मा अपनी 4 वर्षीय पुत्री पीहू के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पुलिस ने गुमशुदगी के दोनों ही मामलों में तहरीर के आधार पर लिखा पढ़ी करते हुए गायब महिलाओं का पता लगाना शुरू कर दिया।

**पुराने जिला अस्पताल में...**पूछताछ की। चौकी प्रभारी रम्पुरा अर्जुन गिरी गोस्वामी ने बताया कि महिला शादीशुदा है। जबकि युवक अभी अविवाहित है। पुलिस ने पूछताछ के बाद दोनों को हिदायत देकर छोड़ दिया। सूत्रों का कहना है कि महिला इससे पहले भी कई बार वहां आ चुकी है और दोनों शादी करना चाहते हैं। इधर कोतवाल विक्रम राठौर ने बताया कि पुलिस महिला पुरुष के मामले में जांच की जा रही है। यह दोनों किसके कमरे में थे। उधर जिला अस्पताल के पीएमएस डा. आर के सिन्हा का कहना है कि पुराने जिला अस्पताल परिसर के एक बंद कमरे में मिले महिला पुरुष का मामला उनके संज्ञान में नहीं है। अगर इस तरह कोई मामला है तो वह जानकारी लेकर कार्रवाई की जाएगी।

**भगौड़े अमृतपाल की पत्नी...**कौर पंजाब ही रहने लगीं और इन दिनों अमृतपाल के पैतृक गांव जल्लूपुर खेड़ा में रहती हैं। पंजाब पुलिस ने पिछले दिनों उसकी पत्नी किरणदीप कौर से पूछताछ की थी। ये पूछताछ अमृतपाल सिंह की गतिविधियों के लिए कथित विदेशी फंडिंग के सिलसिले में की गई थी। पुलिस को जांच के दौरान पता चला था कि अमृतपाल को 35 करोड़ रुपये की फंडिंग मिली है। सूत्रों ने कहा कि पंजाब पुलिस फंडिंग तंत्र का पता लगाने के लिए अमृतपाल, उनकी पत्नी, पिता और अन्य रिश्तेदारों के बैंक खातों की भी जांच कर रही है। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि अमृतपाल सिंह ने विदेशी स्रोतों से मिले पैसों को खर्च कर अपने और अपने आदमियों के लिए नई एसयूवी खरीदी।


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


# चोरी व धोखाधड़ी का खुलासा करने पर पुलिस टीम को किया सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा नेता भारत भूषण चुघ के भाई मनीष चुघ के आवास में हुई चोरी एवं एक अन्य धोखाधड़ी कर 38 लाख की ठगी करने के मामलों का अनावरण करने वाली पुलिस टीम को पुलिस कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। भाजपा नेता व समाजसेवी भारत भूषण चुघ और उनके समर्थकों ने एसएसपी, एसपी सिटी, एसपी क्राईम समेत कोतवाली रुद्रपुर, थाना ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस कर्मियों को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। इसके साथ ही भाजपा नेता श्री चुघ ने दो सीसीटीवी कैमरे भूरारानी व ट्रांजिट कैंप में लगवाने की भी घोषणा की। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष भाजपा नेता भारत भूषण चुघ के भाई भूरारानी रोड निवासी मनीष चुघ घर में चोरी हो गई थी। चोर बंदूक समेत सोने के जेवरात समेत अन्य सामान चोरी कर ले गये थे। खुलासे के लिये एसएसपी ने कोतवाल विक्रम राठौर को निर्देश दिये थे। टीम में शामिल एसआई महेश कांडपाल व उनकी टीम ने मुख्य सरगना को छोड़ अन्य चोरों को गिरफ्तार कर जल भेज चुकी है। गिरोह के सरगना की गिरफ्तारी को पुलिस कार्रवाई कर रही। इसके अलावा आवास विकास निवासी अक्षय गाबा से जालसाजी कर 38 लाख की ठगी हो गई थी। इस मामले में एसएसपी डा.मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर थाना प्रभारी सुदंरम शर्मा की टीम ने आरोपी को लखनऊ से गिरफ्तार कर जेल भेजा था। दोनो घटनाओं का खुलासा होने पर भाजपा नेता अरु चुघ ने पुलिस कार्यालय पंहुच पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया। सम्मानित करने वालों में यूनिटी कालेज के प्रचार्य केएस राठौर, अशोक गाबा, अशोक छाबड़ा, तरुण चुघ, अक्षय गाबा, सुनील चुघ, कपिल कालडा, राजू त्रिखा, दीपक जल्होत्रा, गुरमुख सिंह, रोहित कालड़ा, नमन गाबा, सिद्धार्थ छाबड़ा, मनीष चुघ, बंटी गाबा, संजय आर्य आदि शामिल रहे। जिन पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया उनमें एसएसपी डा.मंजुनाथ टीसी, एसपी क्राईम चन्द्रशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कत्याल, कोतवाल ट्रांजिट कैंप सुदंरम शर्मा, एसआई ललित चौधरी, ललित कांडपाल, अनिल भारती, ललित तिवारी, धीरेन्द्र कुमार के अलावा कोतवाली रुद्रपुर से एसआई महेश कांडपाल, हेम फुलारा, कृष्णा टम्टा शामिल है।




# भजन सम्राट संजय मित्तल का रुद्रपुर आगमन पर किया स्वागत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के सानिध्य में विश्व विख्यात भजन सम्राट संजय मित्तल का जनपद में पहुंचने पर बाबा भक्त मण्डल ने स्वागत किया और उन्हें फूलो का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। रुद्रपुर गल्ला मंडी में श्री श्याम कीर्तन में पहुँचने से पूर्व रुद्रपुर आगमन पर एक



निजी होटल में पहुंचकर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल उनके अनुज संजय ठुकराल के नेतृत्व में भजन सम्राट संजय मित्तल को पुष्पगुच्छ,शॉल उड़ाकर व स्मृति चिन्ह भेट कर स्वागत किया। व स्वागत करने वालो में अग्रवाल महासभा के जिला अध्यक्ष विनीत जैन,बाबा भक्त मण्डल के विक्की मुंजाल, भुवनेश अरोरा, साहिल आहूजा गौतम, शिवम तागरा,गगन ग्रोवर आदि भक्तो ने स्वागत किया।

# जैविक कृषि की आत्मनिर्भरता विषयक गोष्ठी का आयोजन

काशीपुर(उद संवाददाता)। चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में जी-20 जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत बी0एड0 विभाग द्वारा 'जैविक कृषि की आत्मनिर्भरता' विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बी0एड0 विभाग की प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की छात्राध्यापिकाओं ने जैविक खेती में आत्मनिर्भर भारत के विषय में अपने-अपने विचार प्रकट किये। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ0 कीर्ति पन्त ने जैविक



खेती की उपयोगिता एवं लाभ के विषय में छात्राध्यापिकाओं को जानकारी दी। मंच संचालन बी0एड0 विभाग के मनोज कुमार ने किया। इस अवसर पर बी0एड0 विभागाध्यक्ष डॉ0 नवनीत कुमार सिंह, श्रीमती शालिनी सिंह, श्रीमती शिप्रा छाबड़ा, डॉ0 अविनाश मिश्रा, चंचल कुमार, डॉ0 महेश कुमार, डॉ0 रमा अरोरा, डॉ0 वन्दना सिंह, डॉ0 अंजलि गोस्वामी, डॉ0 रंजना, डॉ0 पुष्पा धामा, डॉ0 ज्योति गोयल, कु0 सृष्टि सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कॉर्बेट पार्क में अब वॉटर होल्स बुझाएंगे जानवरों की प्यास

रामनगर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के रामनगर वन विभाग व कार्बेट नेशनल पार्क में जंगली जानवर पानी की तलाश में गांवों की ओर रुख न करें, इसके लिए वन विभाग ने एक नया तरीका निकाला है। वन महकमा जानवरों को जंगल में ही रोकने के लिए अब वहां मानव निर्मित वॉटर होल्स व नेचुरल वाटर होल्स में पानी भरने के काम में जुट गया है जिससे बढ़ती गर्मी में जानवरों को जंगल के अंदर ही पर्याप्त पानी मिल जाएगा। बता दें कि रामनगर वन प्रभाग द्वारा बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्राकृतिक व मैन मेड वॉटरहोल्स के निर्माण के साथ ही पुराने बनाये गए 150 से ज्यादा वाटरहोल्स में पानी भरने का कार्य आजकल किया जा रहा है,गौरतलब है कि बढ़ती गर्मी के चलते व पानी की जंगलों के अंदर कमी के चलते वन्यजीव पानी की तलाश में



जंगलों से बाहर निकलकर आबादी की तरफ आ जाते है जिससे मानव वन्यजीव की घटनाएं बढ़ने का डर बना रहता है,वही इसको देखते हुए रामनगर विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट प्रशासन, रामनगर वन प्रभाग, व वन प्रभाग तराई पश्चिमी ये सभी वन्यजीव बाहुल्य क्षेत्र है इसी के मद्देनजर कॉर्बेट प्रशासन के साथ ही सभी विभागों द्वारा जंगलों के अंदर लगभग 150 से ज्यादा वाटरहोल्स बनाए गए जिसमे प्राकर्तिक व मैन मेड वाटर होल्स शामिल है,बढ़ती गर्मी के चलते वन विभाग कुछ वाटर होल्स नए भी बना रहा है व पुराने वाटर होल्स में टैंकरों से पानी भरने का कार्य आजकल किया जा रहा है,जिससे वन्यजीवों को जंगल के अंदर ही पानी उपलब्ध हो जाय व वन्यजीव बाहर न आये।जानकारी देते हुए वन विभाग के डीएफओ कुंदन कुमार ने बताया कि हमारे द्वारा लगातार बढ़ती गर्मी के चलते सभी जंगलों के बंदर बनाये नेचुरल व मेन मेड वाटर होल्स में पानी भरने का कार्य किया जा रहा है,व लगातार वाटर होल्स में निगरानी रखी जा रही है कि किसी भी वाटर होल्स में पानी की कमी न हो।

# नेत्र चिकित्सा शिविर में 220 मरीजों का हुआ चेकअप

गूलरभोज(उद संवाददाता)। प्रभु नेत्रालय अस्पताल के सहयोग से आंखों का निशुल्क जांच शिविर स्वर्गीय डॉ. एस आर दुबे की पुण्य स्मृति में रामलीला मैदान वार्ड नंबर 5 में नगर पंचायत गूलरभोज की चेयर पर्सन अनीता दुबे द्वारा लगाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे ने फीता काटकर नेत्र शिविर का शुभारंभ किया। प्रभु नेत्रालय हॉस्पिटल के डॉक्टर शहलीन अहमद खान ने बताया कि 220 मरीजों की आंखों की जांच की गई और निशुल्क दवाइयां वितरित की गई एवं 70 लोगों को मोतियाबिंद पाया गया। जिनका निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व शिक्षा मंत्री क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे, चेयरपर्सन अनिता दुबे, भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण दुबे, व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी, मैनेजर डॉक्टर नवीक अहमद, डॉक्टर उत्तीर्ण, डॉ रजनीश, डॉक्टर दानिश, डॉक्टर फनीश, डॉक्टर शिवम, डॉक्टर शैली, गिरीश दुबे, सभासद रमेश सागर, भूपेंद्र आर्य, गोविंद राजभर, नंदन सिंह, अमित कुमार गुप्ता, डॉ अशोक वर्मा आदि लोग उपस्थित थे।




# आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों को किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)।पर्यावरण स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई द्वारा विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों एवं स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम किए गए। आंगनवाड़ी केंद्र बलराम नगर की कार्यकर्ता उषा रानी सहायिका नीलम रानी को स्मृति चिन्ह भेंट करने के साथ बच्चों को फल वितरण किया गया। इस दौरान समाजसेवी राजीव ग्रोवर ने बच्चों को गमलों में लगाए गए छोटे-छोटे पौधों की देखभाल करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान देवेंद्र सिंह, चंद्रिका फोगाट, मुस्कान चावला और पलक ठकराल आदि मौजूद रहे।



# संकीर्तन में मीना शर्मा को सम्मानित किया

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा मंगलवार को महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा पीसीसी सदस्य परिमल राय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिलीप अधिकारी निगम में नेता प्रतिपक्ष मोनू निषाद, जगदीश कर्मकार और अनिल शर्मा के साथ ट्रांजिट कैंप में चल रहे श्री अखंड हरिनाम संकीर्तन में पहुंची जहां उन्होंने संकीर्तन में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर संकीर्तन आयोजकों द्वारा श्रीमती शर्मा श्री तनेजा श्री अधिकारी श्री राय श्री कर्मकार और श्री शर्मा का पीत वस्त्र और शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया गया स बाद में सभी अतिथियों ने देर रात्रि तक संकीर्तन में भाग लिया और भंडार ग्रह पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर संकीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित थे।



# श्याम कृपा महोत्सव में सम्मानित हुए विकास शर्मा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने गल्लामंडी में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा आयोजित श्री श्याम कृपा महोत्सव में पहुंचकर शीश नवाया और आशीर्वाद प्राप्त कर श्री श्याम बाबा का गुणगान सुना। इस दौरान आयोजकों ने विकास शर्मा का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। श्री शर्मा ने भव्य आयोजन के लिए श्याम मित्र मण्डल के पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसा भव्य आयोजन टीम वर्क और सच्ची श्रद्धा से ही संभव हो पाता है। उन्होंने कहा कि आज तराई में श्याम प्रेमियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। खाटू दरबार से जुड़कर लोग बुरे कर्मों को त्यागकर धार्मिक राह पर अग्रसर हो रहे हैं। यह भविष्य के लिए शुभ संकेत है। उन्होंने ऐसे आयोजनों में हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। विकास शर्मा जी ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी ने खाटू श्याम जाने के लिए टनकपुर से सीधी बस सेवा की भी शुरुआत की है जो खटीमा सितारगंज रुद्रपुर होते हुए जाती है कार्यक्रम में रामकिशन भारद्वाज मुकेश गोयल सचिन अग्रवाल सांसद प्रतिनिधि योगेश वर्मा गगन ग्रोवर जगदीश बटला ललित नारंग आदि भक्त उपस्थित थे।

